दिनांक-13दिसंबर2019

स्वच्छ.भारत.अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छता संकल्प प्रपत्र का 1000 विद्यार्थियों को किया गया वितरण , स्कूलों में जाकर दे रहे हैं स्वच्छता का संदेश

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता संकल्प प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है!

निगम के प्रभारी शिक्षा अधिकारी वाई राजेंद्र राव ने बताया कि 9000 स्वच्छता संकल्प पत्र वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है , जिसके लिए वितरण की शुरुआत की जा चुकी है तथा 1000 संकल्प पत्र का वितरण शासकीय प्राथमिक शाला बापूनगर खुर्सीपार, शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर 11 खुर्सीपार, बालाजी नगर खुर्सीपार , दुर्गा मंदिर स्कूल खुर्सीपार , शासकीय प्राथमिक शाला न्यू खुर्सीपार , सुभाष नगर खुर्सीपार, शिवाजी नगर खुर्सीपार , खमरिया स्कूल एवं नेहरू नगर शासकीय प्राथमिक शाला मे किया जा चुका है! स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही पालकों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा रहा है प्रदाय किए जा रहे प्रपत्र में पालक के भी हस्ताक्षर होने हैं!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी